11:58

NSS RD Chandigarh

727 Tweets

Following

NSS RD Chandigarh and 2 others

2

NSS RD Chandigarh @NSSRD... · 59m

राजकीय महाविद्यालय संजौली के #एनएसएस_स्वयंसेवियों ने 'पढ़ो और पढ़ाओ' अभियान के तहत उन बच्चों को पढ़ाने का जिम्मा उठाया है जिनकी स्कूली पढ़ाई कोरोना के तहत लगे लॉकडाऊन की वजह से बाधित हो गई थी.अभियान के तहत एनएसएस इकाई के14से अधिक स्वयंसेवी अपनेअपने गांव में रोज बच्चों को पढ़ा रहे

शिमला

खेतों और घरों की छतों पर लग रहीं स्कूली बच्चों की कक्षाएं

संजौली कॉलेज की एनएसएस इकाई की पढ़ो और पढ़ाओ मुहिम बनी वरदान

NSS India and 9 others

1 1

Who to follow

NSS RD Chandigarh and 3 others follow

Maharashtra Goa NSS
@MaharashtraNSS

Follow

स्वयंसेवियों ने ली बच्चों को पढ़ाने की जिम्मेदारी

शिमला, 15 दिसम्बर (अम्बादत): युवा एवं खेल मामल के मंत्रालय भारत सरकार के आह्वान पर उत्कृष्ट शिक्षा कें राजकीय महाविद्यालय संजौली के एन.एस.एस. स्वयंसेवि ने (पढ़ो और पढ़ाओ) अभियान के तहत उन बच्चों क पढ़ाने का जिम्मा उठाया है, जिनकी स्कूली पढ़ाई कोरो लॉकडाऊन की वजह से बाधित हो गई थी। इस अभिया के तहत संजौली महाविद्यालय की एन.एस.एस इकाई 14 से अधिक स्वयंसेवी अपने-अपने गांव में रोज बच्च को पढ़ा रहे हैं। इन स्वयंसेवियों में भगत सिंह, रिचा, निशांत राहुल प्रेमी, अंजली, निकिता, शालू चंदेल, यशपाल, नितिश साक्षी, प्रियंका, कार्तिकेय, दीपांश कटोच, तनिका पनव तथा मनीशा शर्मा आदि शामिल हैं। इनमें से निशांत कंव गूगल क्लासरूम एप के जरिए भारतीय अर्थव्यवस्था क मुफ्त कक्षाएं भी ले रहे हैं, जिसमें उनके साथ सिविल सेव के कई अभ्यर्थी भी जुड़े हैं।

पंजाब केसरी ई-पेपर
Wed,16 Decembe
Edition: shimla ke

खेतों और घरों की छतों पर लग रहीं स्कूली बच्चों की कक्षाएं

संजौली कॉलेज की एनएसएस इकाई की पढ़ो और पढ़ाओ मुहिम बनी वरदान

अमर उजाला ब्यूरो

शिमला। कोरोना संक्रमण के चलते बंद पड़े स्कूलों के कारण पढ़ाई नहीं कर पा रहे बच्चों के लिए संजौली कॉलेज की एनएसएस इकाई की मुहिम किसी वरदान से कम नहीं। एनएसएस स्वयंसेवी अपने आसपास के क्षेत्रों के बच्चों को घरों पर ही साइंस, गणित, हिंदी, इतिहास और अन्य विषय पढ़ा रहे हैं।

एक स्वयंसेवी ऑनलाइन भी लगा रहा कक्षाएं

यही नहीं एक स्वयंसेवी ने तो ऐप बनाकर ऑनलाइन कक्षाएं शुरू कर रखी हैं। इनकी ऑनलाइन कक्षाओं से अब तक दर्जनों बच्चे जुड़ चुके हैं। अर्थव्यवस्था से जुड़ी इनकी कक्षाओं से कोई भी बच्चा जुड़ सकता है।

युवा एवं खेल मामलों के मंत्रालय के आह्वान पर उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र संजौली कॉलेज के एनएसएस स्वयंसेवियों ने पढ़ो और पढ़ाओ अभियान के तहत यह कक्षाएं शुरू की हैं। कोरोना संक्रमण के कारण बंद पड़े स्कूलों के कारण कई बच्चे ऑनलाइन सही ढंग से पढ़ाई नहीं कर पा रहे। ऐसे बच्चों के लिए संजौली कॉलेज की यह मुहिम बहुत मददगार साबित हो रही है। संजौली कॉलेज के 14 स्वयंसेवी अपने-अपने गांवों में रोज बच्चों को पढ़ाने का काम कर रहे हैं। इसमें एनएसएस स्वयंसेवी भगत सिंह, रिचा, निशांत, राहुल प्रेमी, अंजली, निकिता, शालू चंदेल, यशपाल, नीतिश, साक्षी, प्रियंका कार्तिकेय, दीपांश कटोच, तनिका पंवर और मनीषा शर्मा आदि शामिल हैं। निशांत कंवर गूगल क्लास रूम ऐप के जरिये भारतीय अर्थव्यवस्था की मुफ्त कक्षाएं ले रहे हैं। इसमें उनके साथ सिविल सेवा के कई अभ्यर्थी भी जुड़े हैं। गूगल क्लास रूम ऐप पर 2t5iqnk लिंक से कोई भी इन कक्षाओं से जुड़ सकता है। एनएसएस इकाई के अध्यक्ष भगत सिंह ठाकुर ने कहा कि इस अभियान का विचार स्वयंसेवियों को केंद्रीय युवा एवं खेल मामलों के मंत्रालय के आह्वान से आया। इसमें स्वयंसेवियों से स्कूली छात्रों की पढ़ाई में मदद करने का आह्वान किया था। इकाई सचिव राहुल देव प्रेमी ने कहा कि बच्चों को वार्षिक परीक्षाओं तक पढ़ाते रहेंगे।

शिमला शहर से सटे एक गांव में बच्चों को खेतों में पढ़ाती एनएसएस स्वयंसेवी। इसमें इस बात का खास ख्याल रखा जाता है कि जुकाम और बुखार से कोई पीड़ित न हो। अमर उजाला

कॉलेज प्रबंधन और एनएसएस स्वयंसेवियों की मुहिम शानदार

डॉ. चंद्रभान

डॉ. मीनाक्षी

डॉ. विकास

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. चंद्रभान मेहता ने कहा कि बच्चों को विज्ञान से लेकर तमाम विषयों के टिप्स घर बैठे मिल रहे हैं। कॉलेज में बीएससी, बीए और अन्य विषयों की पढ़ाई कर रहे छात्र बच्चों को लग्न के साथ पढ़ा रहे हैं। स्वयंसेवियों की यह मुहिम उन लोगों के लिए सबक है जो शिक्षा को कारोबार मान बैठे हैं। उन्होंने कहा कि एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मीनाक्षी शर्मा और डॉ. विकास नाथन के नेतृत्व में कॉलेज के स्वयंसेवी बेहतर कार्य कर रहे हैं।

खास खबर